श. बे. चौ. राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

S.B.C. Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146

Website: www.gdcpokharitehri.in Email:- gdcpokhritehri@yahoo.com

दिनांक–15.08.2021

75 वाँ स्वतंत्रता दिवस–आजादी का अमृत महोत्सव

महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 9.00 बजे प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण से किया गया। तत्पश्चात समारोहक डॉ0 विवेकानन्द भट्ट द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक उत्तराखंड हल्द्वानी द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन किया गया। महाविद्यालय के शौर्य दीवार पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एन0एस0एस0 स्वयंसेवियों व अन्य छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। छात्र–छात्राओं ने राष्ट्र एकता व राष्ट्र प्रेम से ओत–प्रोत एकल व सामूहिक गीत, भाषण, नृत्य इत्यादि में प्रतिभागिता की। प्राध्यापकों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के इतिहास व आजादी के महत्व पर चर्चा की। अंत में प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने सभी को 75 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने राष्ट्र की आजादी को बरकरार रखते हुए, देश के समस्त नागरिकों तक आजादी पहुँचाने की बात कही।

कार्यक्रम का समापन सूक्ष्म जलपान द्वारा किया गया।

शौर्य दीवार

शहीद बेलमती चौहान

आजादी का

शहीद बेलमती चौहान
राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

शहीद बेलमती चौहान

राष्ट्रीय सेवा योजना
N.S.S.
"Not Me But You"

श. बे. चौ. राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

S.B.C. Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146

Website: www.gdcpokharitehri.in Email:- gdcpokhritehri@yahoo.com

पालिका के रामलीला मैदान में अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन

नरेंद्रनगर। यहां स्थित पालिका के रामलीला मैदान में देश का 75 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पालिका अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने ध्वजारोहण के साथ पालिका के रामलीला मैदान में आयोजित सामूहिक झंडारोहण से कार्यक्रम की शुरुआत की।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चीयर्स ऑफ इंडिया कार्यक्रम के तहत जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विवेक उनियाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए युवाओं द्वारा एक ही आकर्षक पोशाक में 3 किलोमीटर दौड़ का कार्यक्रम सभी में जोश,उत्साह और उमंग भरने वाला था।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार ने देश की आजादी के इतिहास को दोहराते हुए कहा कि देश पर प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों की अमर गाथा हमें अपनी माटी की सुरक्षा के लिए मर मिटने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि यह दिन देश की हिफाजत में शहीद हुए वीर सपूतों,सरहदों पर अपनी जान की परवाह किए बिना,अपनी मातृभूमि की आन–बान और शान की रक्षा में तत्पर मातृभूमि के रणबांकुरों के जज्बे को सलाम करने का है।

उन्होंने शहर को सुंदर और साफ रखने, विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए सभी से रचनात्मक सहयोग की अपील की।

इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष व शहर के जाने–माने एडवोकेट सोवन सिंह नेगी निधि सारगर्भित विचार रखे।

उधर दूरदराज क्षेत्रों से भी 75 वें स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाये जाने की समाचार प्राप्त हुए हैं।

धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रीति कुमारी ने ध्वजारोहण किया। छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नाटक तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

इस मौके पर प्राचार्य प्रीति कुमारी,व०प्राध्या०डा० अनिल कुमार नैथानी, डा०ईरा सिंह ने अपने सारगर्भित वक्तव्यों को रखते हुए कहा, देश रक्षा में शहीद व सीमा पर तैनात जवानों के जज्बे को पूरा देश सलाम करता है। कहा कि मातृभूमि के विकास के लिए जो जहां जिस ओहदे पर भी है, अपने–अपने कार्यों का सही निर्वहन से ही राष्ट्र प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

उधर बेलमति चौहान रा०महा वि० पोखरी(क्वीली) की प्राचार्य सुमिता श्रीवास्तव ने झंडारोहण किया। प्राचार्य सुमिता श्रीवास्तव, भूगोल विभाग अध्यक्ष एके सिंह, प्रो० विवेकानंद,डॉ राम भरोसे,डॉ मुकेश सेमवाल व छात्र–छात्राओं में आकाश,राजवीर तथा कुमारी प्रीति ने आजादी के अमृत महोत्सव पर सारगर्भित विचार रखे। कॉलेज के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नाटक व गीतों की प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

छात्रा–प्रीति ,शिवानी, कविता, प्रियंका ,आंचल, प्रेरणा, अंजलि, प्राची, सुमन, सिमरन व किरणदीप अंजवाल ने शानदार लघु नाटिकाओं सहित देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इस मौके पर महाविद्यालय की डॉक्टर सरिता, रचना राणा, अंकित कुमार, रेखा नेगी, सुनीता असवाल, दीवान सिंह ,मूर्ति लाल, नरेश रावत व राजेंद्र आदि उपस्थित थे।

लैंसडौन कोतवाली प्रभारी संतोष कुंवर को विशिष्ट कार्यों

विधायक दिलीप रावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना

Sumita

प्रोफेसर (डॉ0) सुमिता श्रीवास्तव

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, पोखरी(क्वीली) टिहरी गढ़वाल